हिन्दुस्तान

# नकली नोट छापने वाले गिरोह का खुलासा, चार गिरफ्तार

हिन्दुस्तान टीम,नई दिल्लीPublished By: Newswrap
Mon, 19 Jul 2021 04:50 PM

54 लाख के नकली नोट व एक करोड़ का छपाई का सामान बरामद

राजगढ़ (मप्र)। एजेंसी मध्यप्रदेश पुलिस ने नकली नोट बनाने और बाजार में चलाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के पास से दो हजार और पांच सौ के नोट के कुल 54 लाख रुपये कीमत के नकली नोट भी बरामद हुए हैं, जिनकी आपूर्ति दक्षिण के राज्यों में की जानी थी।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रदीप शर्मा ने रविवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया बताया कि 26 जून को पुलिस ने राजगढ़ जिले के जीरापुर से दो लोगों को एक लाख रुपये मूल्य के दो हजार के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया था। इन दो आरोपियों से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर दो और लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें एक मध्यप्रदेश के आगर मालवा जिले और दूसरा छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले का रहने वाला है। दुर्ग से गिरफ्तार व्यक्ति के पास से नकली नोट छापने के लिए रखा करीब एक करोड़ रुपये का सामान भी बरामद हुआ है। इसमें पांच प्रिंटर, दो पेपर कटर, एक लैपटॉप, एक कम्प्यूटर, वाटर मार्क फ्रेम, स्याही और इस्तेमाल होने वाला कागज भी बरामद हुआ है।

Source: https://www.livehindustan.com/ncr/new-delhi/story-fake-currency-printing-gang-exposed-four-arrested-4237359.html